भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या467

जिसका उत्तर 06 दिसंबर,2023 को दिया जाना है ।

15अग्रहायण,1945(शक)

हिंसा से संबंधित वीडियो गेम

467. श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी औरसूचना प्रौद्योगिकी मंत्रीयह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के बच्चों और किशोरों में हिंसा को बढ़ावा से संबंधित वीडियो गेम, की एक नई प्रवृत्ति जोर पकड़ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस मुद्दे के समाधान के लिए कुछ उपाय किए हैं/योजना बनाई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ऑनलाइन गेमों के हानिकारक अत्यधिक उपयोग को देखते हुए 18 वर्ष से कम आयु के गेमर्स को प्रति सप्ताह केवल 3 घंटे के ऑनलाइन गेम तक सीमित करने और विनियमों को लागू करने के लिए उद्योग को उत्तरदायी बनाने की योजना बना रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) से (ङ): सरकार की नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में इंटरनेट खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय हो तथा सभी डिजिटल नागरिकों के प्रति जवाबदेह हो। सरकार ऑनलाइन गेमिंग की लत और ऑनलाइन गेमिंग से उत्पन्न जोखिमों से अवगत है जो हिंसा सहित उपयोगकर्ताओं के नुकसान को दर्शाती है।

मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 ("आईटी नियम, 2021") में संशोधन का मसौदा तैयार किया और जनवरी, 2023 में उसी पर सार्वजनिक परामर्श शुरू किया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), बालकों, शिक्षकों, ऑनलाइन गेम के उपयोगकर्ताओं, ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों, अन्य संबंधित मंत्रालयों आदि सहित

संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद, आईटी नियम, 2021 में संशोधन को दिनांक 06.04.2023 को अधिसूचित किया गया था।

ये नियम डिजिटल नागरिकों के लिए एक खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन गेम के संबंध में ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया मध्यस्थों पर अधिक जवाबदेही लागू करते हैं। नए नियमों के तहत, भारत में इंटरनेट पर केवल अनुमत ऑनलाइन गेम उपलब्ध होने की अनुमति है। सत्यापित और अनुमत ऑनलाइन रियल मनी गेम के रूप में घोषित करने के लिए, ऐसे ऑनलाइन रियल मनी गेम में परिणाम पर दांव लगाना, उपयोगकर्ता को नुकसान पहुंचाने वाली जानकारी, गेमिंग की लत, वित्तीय हानि, वित्तीय धोखाधड़ी आदि शामिल नहीं होनी चाहिए।

******